प्रेस हेतु सूचना (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 113/2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा)
https://www.trai.gov.in
नई दिल्ली, 16 अक्टूबर 2025

**तत्काल जारी करने हेतु**

**भादूविप्रा द्वारा असम राज्य के सिलचर शहर, हैलाकांडी एवं करीमगंज जिलों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों (असम लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के अंतर्गत) में नेटवर्क गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने अगस्त 2025 माह के दौरान असम लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एल.एस.ए.) में सिलचर शहर, हैलाकांडी एवं करीमगंज जिलों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों में किए गए स्वतंत्र ड्राइव परीक्षण (आई.डी.टी.) के निष्कर्ष जारी किए हैं। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता के पर्यवेक्षण में किए गए इन ड्राइव परीक्षणों का उद्देश्य विविध उपयोग परिवेशों — शहरी क्षेत्र, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्र आदि — में वास्तविक मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का आकलन करना था।

18 अगस्त 2025 से 22 अगस्त 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने असम राज्य के सिलचर शहर, हैलाकांडी एवं करीमगंज जिलों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों में 284.1 कि.मी. का सिटी ड्राइव परीक्षण, 10 हॉटस्पॉट स्थानों और 2.4 कि.मी. का वॉक परीक्षण किया। मूल्यांकन में 2G, 3G, 4G एवं 5G तकनीकों को शामिल किया गया, जिससे विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं वाले उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को परिलक्षित किया जा सके। आई.डी.टी. के निष्कर्ष सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टी.एस.पी.) को पहले ही सूचित किए जा चुके हैं।

मूल्यांकित प्रमुख मानक:

क. **वॉयस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।
ख. **डेटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लैटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।

सिलचर शहर, हैलाकांडी एवं करीमगंज जिलों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश इस प्रकार है:

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. एवं वी.आई.एल. के लिए क्रमशः 99.80%, 82.03%, 100.00% एवं 90.62% रहा, जो ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में दर्ज किया गया।


**ड्रॉप कॉल रेट:** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. एवं वी.आई.एल. के लिए क्रमशः 1.18%, 3.04%, 0.00% एवं 0.83% रहा, जो ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में दर्ज किया गया।


**5G डेटा सेवाएं:** सिटी ड्राइव में अधिकतम औसत डाउनलोड गति 219.13 Mbps तथा अधिकतम औसत अपलोड गति 27.26 Mbps दर्ज की गई।

सिलचर शहर, हैलाकांडी एवं करीमगंज जिलों में मूल्यांकन के अंतर्गत तरापुर, कुम्भीर्ग्राम, बंशखंडी, रोंगपुर, कनकपुर, श्रीकोना, कालीनगर, लामाजुआर, बगरसंगन, ताजपुर, कनिशैल, बगबाड़ी, कालाचेरा, कंचनपुर एवं अलगापुर आदि क्षेत्रों को शामिल किया गया। भादूविप्रा ने स्थिर परीक्षण के माध्यम से असम विश्वविद्यालय, कछार कॉलेज (तरापुर, सिलचर), जिला एवं सत्र न्यायाधीश का न्यायालय एवं कार्यालय (सिलचर), उपायुक्त कार्यालय (श्रीभूमि, असम), जिला सत्र न्यायालय (हैलाकांडी), गंगपर धुमकर

परिस्थितियों में नेटवर्क निष्पादन का मूल्यांकन किया। इसके अतिरिक्त, वॉक टेस्ट के माध्यम से हैलाकांडी रेलवे स्टेशन, न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन एवं सिलचर रेलवे स्टेशन पर भी नेटवर्क का टेस्ट किया गया।

**मुख्य गुणवत्ता मानकों पर निष्पादन :**
**सी.एस.एस.आर.**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (प्रतिशत में), **सी.एस.टी.**: कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डी.सी.आर.**: ड्रॉप कॉल रेट (प्रतिशत में), तथा **एम.ओ.एस.**: मीन ओपिनियन स्कोर।




**सारांश – वॉयस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 99.80%, 82.03%, 100.00% और 90.62% रहा।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.92, 2.88, 0.74 और 1.90 सेकंड रहा।

**ड्रॉप कॉल रेट**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 1.18%, 3.04%, 0.00% और 0.83% रहा।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (5G/4G) में एयरटेल, आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का साइलेंस

**सारांश – डेटा सेवाएं**

**डेटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड गति 141.87 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 1.69 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 219.13 Mbps तथा वी.आई.एल. (4G/2G) की 22.68 Mbps दर्ज की गई।

**डेटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड गति 27.26 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 3.70 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 15.73 Mbps तथा वी.आई.एल. (4G/2G) की 6.71 Mbps रही।

**लैटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. एवं वी.आई.एल. की 50वें पर्सेंटाइल लैटेंसी क्रमशः 27.00 मिलीसेकंड, 54.00 मिलीसेकंड, 20.55 मिलीसेकंड एवं 48.85 मिलीसेकंड रही।

ये टेस्ट भादूविप्रा द्वारा अनुशंसित उपकरणों एवं मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए रीयल टाईम परिवेश में संचालित किए गए। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री कौशिक मुखर्जी, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता), भादूविप्रा से ईमेल adv.kolkata@trai.gov.in या दूरभाष संख्या +91-33-22361401 पर संपर्क किया जा सकता है।

16/10/2025

*(कौशिक मुखर्जी)*
**सलाहकार, भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता**